>

Title: Need to make available adequate domestic cooking gas in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): केन्द्र सरकार द्वारा शहरी गैस वितरण कंपनियों को जरूरत के मुताबिक घरेलू गैस वितरण न करने से गुजरात में गैस के दाम देश में सबसे ज्यादा बढ़े हैं। वर्तमान में गुजरात की गैस कंपनियां 1.07 लाख ग्राहकों को गैस वितरित करती है। हर रोज 12.2 लाख किलो. गैस वितरित की जाती है। जिससे सब्सिडी के बचत के रूप में केन्द्र सरकार को रू. 690.26 (एल.पी.जी. और डीजल से) फायदा पहुंच रहा है। इतनी केन्द्र की बचत के बावजूद, केन्द्र सरकार को बहुत से निवेदनों द्वारा गुजरात सरकार ने 2 एमएमएससीएमडी गैस की घरेलू उपयोग के लिए सीएनजी और पीएनजी के जरूरत के लिए आपूर्ति हेतु अनुरोध किया है किंतु सरकार ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। नोन कोर सैक्टर जैसे कि स्टील को तथा 18 जिलों के ग्राहकों को भी अनदेखा किया गया है। अहमदाबाद हाईकोर्ट के निर्णय के मुताबिक गुजरात को मुम्बई तथा दिल्ली की तरह उनके दामानुसार उचित गैस आपूर्ति करने को कहा है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि गुजरात को उनके जरूरत के मुताबिक घरेलू गैस का वितरण करें।